नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक 05.09.2020**

- **मा0 मंत्री वित्त संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा विभाग मा0 श्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा अवंतीबाई पार्क चिनौर,टाउनहाल स्थित कवि चौराहा, निगोही रोड पर श्यामगंज गौटिया में शमशानघाट एवं मेजवान होटल के पास तिराहे पर प्रस्तावित पार्क के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया।**

- **आज दिनांक 05.09.2020 नगर आयुक्त महोदय द्वारा ककरा काकर कुंण्ड में मियावाकी फारेस्टेशन से विकसित किये जा रहे उद्यान एवं डम्पिंग ग्राउन्ड पर चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया।**

- **नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 05.09.2020 को नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत चला विशेष सफाई अभियान। कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ साफ–सफाई एवं कूड़े निस्तारण का चलाया जा रहा विषेष सफाई अभियान।**

1. मा0 मंत्री वित्त संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा विभाग मा0 श्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा अवंतीबाई पार्क चिनौर,टाउनहाल स्थित कवि चौराहा, निगोही रोड पर श्यामगंज गौटिया में शमशानघाट एवं मेजवान होटल के पास तिराहे पर प्रस्तावित पार्क के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री संतोष कुमार शर्मा, नगर आयुक्त महोदय, एस0के0सिंह, अपर नगर आयुक्त, श्री आशुतोष कुमार दुबे,उपनगर आयुक्त, श्री दिनेश चन्द्र सचान, मुख्य अभियन्ता, श्री अंगद सहायक नगर आयुक्त, श्री वी0एन0 द्विवेदी,महाप्रबन्धक (जल) दआदि उपस्थित रहे।

2. नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 05.09.2020 का मो0 ककरा काकर कुण्ड में मियावाकी फारेस्टेशन से विकसित किये जा रहे उद्यान एवं डम्पिंग ग्राउन्उ पर चल रहे निर्माण कार्य मो0ककरां में नवनिर्मित इंटरलाकिंग मार्ग पर दाहिनी ओर नवनिर्मित नाले के किनारे जहाँ पर कूड़ा पड़ा हुआ है, लगभग 150 मीटर स्थल पर लैण्ड स्कैपिंग कराते हुए पौधों, घास आदि से सौन्दर्यीकरण कराये जाने हेतु मुख्य अभियन्ता, व सहायक अभियन्ता (जल)/प्रभारी उद्यान को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधो का चयन किया गया। एवं उद्यान मे दिनांक 11. 09.2020 को वृक्षारोपण प्रस्तावित करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त के साथ डी0एफ0ओ0, एस0के0सिंह, अपर नगर आयुक्त, श्री आशुतोष कुमार दुबे,उपनगर आयुक्त, श्री दिनेश चन्द्र सचान, मुख्य अभियन्ता, श्री अंगद सहायक नगर आयुक्त, श्री वी0एन0 द्विवेदी,महाप्रबन्धक (जल), श्री पी0के0सिंह, सहायक अभियन्ता(जल) एवं लोकभारती के आलोक मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

3– नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान आज दिनांक 05.09.2020 को नगर के विभिन्न वार्डो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। है। जिसमें नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/कर्मचारी को निर्देषित किया गया कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु लोगो को ज़ागरूक करते रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को वार्डवार पर्यवेक्षण का दायित्व दिया गया है,जिनके द्वारा सुबह से ही सफाई कर्मचारियो के साथ अपने आवंटित मोहल्लो की सफाई करायी गयी।

Generated by CamScanner

इसके अतिरिक्त सेनेटाईजेषन एवं फागिंग का कार्य फत्तेपुर, रामनगर,गदियाना, बी0एस0 पब्लिक, पॉलिटेक्निक कालेज,चार खम्बा,किला रैन बसेरा, चिनौर, सैनिक कालोनी, रेयान स्कूल, रेती, दलेलगंज, तारीन गाड़ीपुरा पब्लिक, महमंद जलालनगर स्कूल, अहमदपुर, रेती, तिलहरजई, मोहम्मदजई, गौहरपुरा, बाबूजई, कच्चा कटरा, चौभुर्जी, चमकनी, बहादुरगंज, खिरनीबाग,नवोदय विद्यालय, कचहरी, मंत्री जी वाली गली,सुभाष नगर,इन्द्रानगर, बृज बिहार कालोनी, तारीन बहादुरगंज ,पावर हाउस, आदि में कराया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिष्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्म्त एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देष दिये गये है। नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देषित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिष्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देषित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु ,शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिष्चित किये जाने हेतु,खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, ,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देशित किया कि शहर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक नाले/नालियों की सफाई कार्ययोजना के अनुसार सुनिष्चित करें । इस अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 05.09.2020 को **जलालनगर काजीखेल,मोहम्मदजई,अजीजगंज** में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 05.09.2020 को अभियान के जलापूर्ति की पाइपो के लीकेज की समस्या तत्काल दूर की जा रही है। ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने,मास्क लगाने,दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, कीटनाशक का छिड़काव एवं कूड़े निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा जनता से अपील की है कि नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करे, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय ने निर्देशित किया कि खाली प्लाटो पड़े पर कूड़े को साफ करा जाये एवं जल भराव स्थानो को साफ कराया गया।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर

Generated by CamScanner